Roll No. .....

INTERMEDIATE (IPC)
GROUP I - PAPER 2
BUSINESS LAWS, ETHICS AND COMMUNICATION

MAY 2015

Total No. of Questions – 7

Total No. of Printed Pages – 12

Time Allowed – 3 Hours

Maximum Marks – 100

MLR – H

Answers to questions are to be given only in English, except in the case of candidates who have opted for Hindi Medium. If a candidate has not opted for Hindi Medium, his/her answers in Hindi will not be valued.

Question No. 1 is compulsory.

Attempt any **five** questions from the remaining **six** questions.

Marks

1. Answer the following questions : **4×5 =20**

(a) 'X' entered into a contract with 'Y' to supply him 1,000 water bottles @ ₹ 5.00 per water bottle, to be delivered at a specified time. Thereafter, 'X' contracts with 'Z' for the purchase of 1,000 water bottles @ ₹ 4.50 per water bottle, and at the same time told 'Z' that he did so for the purpose of performing his contract entered into with 'Y'. 'Z' failed to perform his contract in due course and market price of each water bottle on that day was ₹ 5.25 per water bottle. Consequently, 'X' could not procure any water bottle and 'Y' rescinded the contract. What would be the amount of damages which 'X' could claim from 'Z' in the circumstances ? What would be your answer if 'Z' had not informed about the 'Y's contract ? Explain with reference to the provisions of the Indian Contract Act, 1872. **5**

© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

(b) "The Doctrine of Indoor Management always protects the persons (outsiders) dealing with a company." Explain the above statement. Also, state the exceptions to the above rule. 5

(c) State with reasons whether the following statements are correct or incorrect :

(i) 'Fairness and Justice' are two different approaches as a source of ethical standards. 3

(ii) Inclusion of environmental consideration as a part of corporate strategy improves corporate performance. 2

(d) Explain the 'factors that lead to grapevine communication'. 5

2. (a) Explain the meaning of 'Quasi-Contracts'. State the circumstances which are identified as quasi contracts by the Indian Contract Act, 1872. 8

(b) What are the 'United Nations Guidelines Themes' on consumer protection ? 4

(c) Explain the types of Groups in an organization which play an important role in solving the difficult problems in the organization. 4

© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

3. (a) (i) Explain the 'time limit for payment of bonus' to the employees in different circumstances under the provisions of the Payment of Bonus Act, 1965. **4**

(ii) 'N' is employed in ABC Limited, a seasonal establishment. The factory was in operation from 1st March to 30th June during the financial year 2014-15. Though, 'N' was not in continuous service during this period, he had worked for 95 days. Referring to the provisions of the Payment of Gratuity Act, 1972, decide whether 'N' is entitled to gratuity. **4**

(b) What is meant by 'Corporate Governance' ? State the 'measures of Corporate Governance' with reference to Indian companies. **4**

(c) State with reasons whether following statements are correct or incorrect. **2×2 =4**

(i) Rumours and gossips are synonymous.

(ii) Lying breaks down the trust between individuals.

4. (a) Board of Directors of PQR Limited wants to create a 'Debenture Redemption Reserve (DRR)' for the redemption of debentures issued by the company under the provisions of the Companies Act, 2013. Explain the provisions of the Companies (Share Capital and Debenture) Rules, 2014 in this regard. **8**

© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

(b) Explain the meaning of 'Sustainable Development' ? State the special responsibilities of the industries that are based on natural resources. 4

(c) Write short notes on : 4

(i) The Press Communique

(ii) The Press Notes

5. (a) (i) What is meant by 'Sans Recours Endorsement' of a bill of exchange ? How does it differ from 'Sans Frais Endorsement' ? 4

(ii) 'P', a major and 'Q', a minor executed a promissory note in favour of 'R'. Examine with reference to the provisions of the Negotiable Instruments Act, 1881, the validity of the promissory note and whether it is binding on 'P' and 'Q'. 4

(b) Explain the concept of 'electronic voting system' as provided by the Companies Act, 2013. 4

(c) Explain the 'threats faced by an accounting and finance professional adhering to ethical principles' at the time of performing his professional duties. 4

© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

6. (a) Explain the conditions and the manner in which a company may issue depository receipts in a foreign country under the Companies (Issue of Global Depository Receipts) Rules, 2014. 8

(b) State whether the following statements are correct or incorrect : 1×4 =4

(i) Agency coupled with interest is irrevocable.

(ii) Depositing of ornaments in a bank locker is a bailment.

(iii) Deferred shares also called founder's shares.

(iv) Debentures with voting rights can be issued only, if permitted by the Articles of Association.

(c) What is meant by 'Emotional Intelligence' ? Explain the 'Self-Awareness and Self-Management Personal Competencies' associated with emotional intelligence. 4

7. Answer any **four** of the following :

(a) An Inspector appointed under the Employees' Provident Funds and Miscellaneous Provisions Act, 1952 makes an inspection at 8 a.m. (an hour before factory timings) and seeks to take copies of the "Income Tax Returns". How far under the Act is his action reasonable ? 4

© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

(b) Define the term 'Small Company' as contained in the Companies Act, 2013. 4

(c) The Annual General Meeting of KMP Limited was held on 30th April, 2015. The Articles of Association of the company is silent regarding the quorum of the General Meeting. Only 10 members were personally present in the above meeting, out of the total 2,750 members of the company. The Chairman adjourned the meeting for want of quorum. Referring to the provisions of the Companies Act, 2013, examine the validity of Chairman's decision. 4

(d) Explain the various socio-psychological factors responsible for developing negative attitude by an individual at workplace. 4

(e) State the reasons for 'resistance to change' in an organization. 4

© The Institute of Chartered Accountants of India

MLR – H

(Hindi Version)

उन परीक्षार्थियों को छोड़कर जिन्होंने हिन्दी माध्यम चुना है, प्रश्नों के उत्तर केवल अंग्रेजी में ही देना है ।

वह परीक्षार्थी जिसने हिन्दी माध्यम नहीं चुना है, यदि हिन्दी में उत्तर देता है,

तो उसके हिन्दी में दिये गये उत्तरों का मूल्यांकन नहीं होगा ।

प्रश्न संख्या **1** अनिवार्य है ।

शेष **छः** प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

Marks

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **4×5 =20**

(अ) 'X' ने 'Y' के साथ ₹ 5.00 प्रति बोतल की दर से 1,000 पानी की बोतलों का एक निर्धारित समय पर पूर्ति हेतु एक अनुबन्ध किया । तत्पश्चात् 'X' ने 'Z' के साथ ₹ 4.50 प्रति बोतल की दर से 1,000 पानी की बोतले क्रय करने का अनुबन्ध किया तथा साथ में यह भी सूचित कर दिया कि यह अनुबन्ध उसने 'Y' के साथ किए गए अनुबन्ध के निष्पादन के उद्देश्य से किया है । 'Z' समय पर अपना अनुबन्ध पूरा करने में असफल रहा एवं उस दिन पानी की बोतल का भाव ₹ 5.25 प्रति बोतल था । 'X' कोई पानी की बोतल की प्राप्ति नहीं कर सका एवं 'Y' ने अनुबन्ध समाप्त कर दिया । इन परिस्थितियों में 'X', 'Z' से कितनी राशि हर्जाना वसूल कर सकता है ? आपका उत्तर क्या होगा, यदि 'Z' को 'Y' के अनुबन्ध के बारे में कोई सूचना नहीं दी गई हो ? भारतीय अनुबन्ध अधिनियम, 1872 के प्रावधानों के सन्दर्भ में स्पष्ट कीजिए । **5**

© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

(ब) "आन्तरिक प्रबन्ध का सिद्धान्त सदैव व्यक्तियों (बाह्य) को सुरक्षा प्रदान करता है, जो एक कम्पनी के साथ व्यवहार करते हैं ।" उपरोक्त कथन का विवेचन कीजिए । उपरोक्त नियम के अपवादों को भी बताइए । 5

(स) कारण सहित बताइए कि निम्नलिखित कथन सही है अथवा गलत :

(i) 'निष्पक्षता' एवं 'न्याय' दृष्टिकोण नीतिगत स्तरों के दो भिन्न-भिन्न स्रोत है । 3

(ii) पर्यावरणीय विचारधारा को निगमीय व्यूह-रचना के भाग के रूप में शामिल करने से निगमीय निष्पादन में सुधार होता है । 2

(द) अंगूरीलता संचार को फैलाने वाले घटकों का विवेचन कीजिए । 5

2. (अ) 'अर्द्ध-संविदा' (Quasi-Contracts) के आशय को स्पष्ट कीजिए । उन परिस्थितियों को बताइए, जिनकों भारतीय अनुबन्ध अधिनियम, 1872 द्वारा अर्द्ध-संविदा के रूप में चिह्नित किया है । 8

(ब) उपभोक्ता संरक्षण हेतु संयुक्त राष्ट्र संघ के दिशा-निर्देश विचारधाराएँ (guidelines themes) क्या हैं ? 4

(स) एक संगठन में समूहों के प्रकारों का विवेचन कीजिए, जो कि संगठन में कठिन समस्याओं के समाधान में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं । 4

© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

3. (अ) (i) बोनस भुगतान अधिनियम, 1965 के प्रावधानों के अन्तर्गत विभिन्न परिस्थितियों में कर्मचारियों को 'बोनस के भुगतान के लिए समय सीमा' को स्पष्ट कीजिए । 4

(ii) ABC लिमिटेड, एक मौसमी प्रतिष्ठान में 'N' रोजगार युक्त है । वित्तीय वर्ष 2014-15 में यह कारखाना 01 मार्च से 30 जून तक संचालन में था । यद्यपि इस अवधि में 'N' निरन्तर सेवा में नहीं था, उसने 95 दिन कार्य किया । उपादान भुगतान अधिनियम, 1972 के प्रावधानों का उल्लेख करते हुए, निर्णय कीजिए कि क्या 'N' ग्रेच्युटी पाने के लिए हकदार है । 4

(ब) 'निगमित प्रशासन (Corporate Governance)' से क्या अभिप्राय है ? भारतीय कम्पनियों के संदर्भ में निगमित प्रशासन के उपायों (measures) को बताइए । 4

(स) कारण सहित बताइए कि निम्नलिखित कथन सही है अथवा गलत : 2×2 =4

(i) 'अफवाह' एवं 'गपशप' पर्यायवाची है ।

(ii) असत्य व्यक्तियों के बीच विश्वास को तोड़ता है ।

4. (अ) PQR लिमिटेड का संचालक मण्डल, कम्पनी द्वारा, कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अन्तर्गत निर्गमित किए गए ऋणपत्रों के शोधन हेतु एक 'ऋणपत्र शोधन कोष (Debenture Redemption Reserve)' का सृजन करना चाहता है । इस सम्बन्ध में कम्पनी (अंश पूँजी एवं ऋणपत्र) नियम, 2014 का विवेचन कीजिए । 8

© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

(ब) 'सतत विकास' (Sustainable Development) का आशय स्पष्ट कीजिए । प्राकृतिक संसाधनों पर आधारित उद्योगों के विशेष उत्तरदायित्वों को बताइए । 4

(स) निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : 4

(i) समाचार वक्तव्य (The Press Communique)

(ii) समाचार-पत्र आलेख (The Press Notes)

5. (अ) (i) विनिमय-पत्र के 'दायित्व रहित' (Sans Recours) पृष्ठांकन से क्या अभिप्राय है ? यह 'व्यय रहित' (Sans Frais) पृष्ठांकन से किस प्रकार भिन्न हैं । 4

(ii) 'P' एक वयस्क एवं 'Q' एक अवयस्क ने (दोनों ने मिलकर) 'R' के पक्ष में एक प्रतिज्ञा-पत्र (Promissory note) जारी (executed) किया । परक्राम्य विलेख अधिनियम, 1881 के प्रावधानों के संदर्भ में प्रतिज्ञा-पत्र की वैधता का परीक्षण कीजिए एवं यह बताइए कि क्या यह (प्रतिज्ञा-पत्र) 'P' और 'Q' को बाध्य करता है । 4

(ब) कम्पनी अधिनियम, 2013 द्वारा लागू की गई (provided) 'इलेक्ट्रोनिक मतदान पद्धति' (electronic voting system) की विचारधारा को स्पष्ट कीजिए । 4

(स) लेखा एवं वित्त पेशेवरों द्वारा अपने पेशेवर कर्तव्यों का निर्वाह करते समय 'सामना किये जाने वाले नैतिक सिद्धान्तों से जुड़े हुए खतरों' (threats) को स्पष्ट कीजिए । 4

© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

6. (अ) उन शर्तों (conditions) एवं तरीके (manner) का विवेचन कीजिए, जिनके द्वारा एक कम्पनी विदेश में कम्पनी [ग्लोबल डिपोजटरी रसीद (Global Depository Receipts) निर्गमन] नियम, 2014 के अन्तर्गत जमा रसीदे (depository receipts) निर्गमित कर सकती हैं । **8**

(ब) बताइए कि निम्नलिखित कथन सही है अथवा गलत : **1×4 =4**

(i) हित वाली ऐजेन्सी अखण्डनीय हैं ।

(ii) गहनों को बैंक लॉकर में रखना एक निक्षेप है ।

(iii) स्थगित अंश को संस्थापक अंश भी कहा जाता है ।

(iv) यदि कम्पनी के अन्तर्नियम अनुमति देते हो, तो मताधिकार वाले ऋणपत्र भी जारी किए जा सकते हैं ।

(स) 'संवेगात्मक चातुर्य' (Emotional Intelligence) से क्या अभिप्राय है ? संवेगात्मक चातुर्य से जुड़ी स्वयं जागरूकता एवं आत्म प्रबन्ध व्यक्तिगत क्षमताओं (Personal Competencies) का विवेचन कीजिए । **4**

7. निम्न में से किन्हीं **चार** के उत्तर दीजिए :

(अ) कर्मचारी भविष्य निधि एवं विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 के अन्तर्गत नियुक्त एक निरीक्षक प्रात: 8.00 बजे (कारखाना समय से एक घण्टे पूर्व) निरीक्षण करता है एवं 'आयकर विवरणियों' (Income Tax Returns) की प्रतियाँ लेने का प्रयास करता है । किस सीमा तक उसके द्वारा की गई कार्यवाही, इस अधिनियम के अन्तर्गत उचित है ? **4**

© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

(ब) कम्पनी अधिनियम, 2013 में निहित 'लघु कम्पनी' (small company) को परिभाषित कीजिए । 4

(स) KMP लिमिटेड की वार्षिक सामान्य सभा 30 अप्रैल 2015 को सम्पन्न हुई । सामान्य सभा की गणपूर्ति (quorum) के बारे में कम्पनी के अन्तर्नियम मौन है । उपरोक्त सभा में कम्पनी के कुल 2,750 सदस्यों में से केवल 10 सदस्य व्यक्तिगत रूप से उपस्थित थे । गणपूर्ति के अभाव में अध्यक्ष ने सभा को स्थगित कर दिया । कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों का उल्लेख करते हुए अध्यक्ष के निर्णय की वैधता का परीक्षण कीजिए । 4

(द) कार्यस्थल पर एक व्यक्ति द्वारा नकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने हेतु उत्तरदायी सामाजिक मनोवैज्ञानिक घटकों का विवेचन कीजिए । 4

(य) एक संगठन में 'परिवर्तन का विरोध' (resistance of change) के कारणों को बताइए । 4

© The Institute of Chartered Accountants of India